पत्रांक-10/न4-11/08मा0-
मानव संसाधन विकास विभाग, बिहार।

प्रेषक,

कमलेश्वर प्रसाद सिंह,
निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) ।

सेवा में,

श्री अशोक गांगुली,
अध्यक्ष,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेन्टर,
नई दिल्ली-110092 ।

पटना, दिनांक- 04.07.08 ।

विषय :- शान्ति स्मृति संभावना आवासीय उच्च विद्यालय, आरा (भोजपुर) को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि सरकारी अधिसूचना संख्या 238 दिनांक 3-4-2006 के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, ~~पटना से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं विद्यालय प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराये गये~~ कागजात की समीक्षा की गई तथा सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अनुशंसा की गयी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी की अनुशंसा के आलोक में समीक्षोपरान्त स्थिति निम्नवत है-

1- यह विद्यालय शान्ति मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट के अधीन/संचालित है। इस ट्रस्ट में किसी एक व्यक्ति/परिवार का प्रभुत्व नहीं है। सोसायटी के प्रत्येक सदस्य का ब्यौरा दिया गया है तथा शपथ पत्र भी दिया गया ।

2- विद्यालय ने किसी निबंधित ट्रस्ट/न्यास के फ्रेन्चाईजी अथवा किसी विद्यालय के ब्रांड नेम का उपयोग नहीं करने का दावा किया है ।

3- विद्यालय को निबंधन के माध्यम से 2.59 एकड़ भूमि 51 वर्षों के लीज पर निबंधित है जिसमें मापदण्ड के अनुरूप 30 कमरे हैं। विद्यालय को उपस्कर पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला भी उपलब्ध है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं सुविधाएं बोर्ड के मानक के अनुरूप है ।

4- विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति समाचार पत्रों में विज्ञापन निकाल कर विहित प्रक्रिया द्वारा करने का दावा किया गया है तथा शिक्षकों की नियुक्ति विहित प्रक्रिया के द्वारा किया गया है, परन्तु ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है जिसमें यह स्पष्ट हो कि नियुक्ति में निहित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए पारदर्शिता बरती गई हो। विद्यालय में 15 शिक्षक हैं, जिसमें



Manager
"Shanti-Smriti"
Sambhawana Awasiya Uchcha Vidyalaya
Subh Narayan Nagar, Ara (Bh...

PRINCIPAL
"Shanti-Smriti"
SAMBHAWANA AWASIYA UCHCHA VIDYALAYA
[Affiliated to C.B.S.E., Delhi]
(Affiliation No.- 330247)
Shubh Narayan Nagar, Ara-Salempur Marg,
Majhawan, Ara (Bhojpur) 802301

8 शिक्षक प्रशिक्षित हैं। सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की योग्यता प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के मापदण्डों के अनुरूप हैं।

5- विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाये जाने का दावा किया गया है।

6- विद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्कों, वार्षिक लेखा अंकेक्षण तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रतिवर्ष सार्वजनिक करने का आश्वासन दिया गया है। विद्यालय अपने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई करे इसे सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली को सुनिश्चित करना होगा।

7- विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से सहमति दी गयी है कि उसे विभागीय अधिसूचना संख्या 238, दिनांक 3-4-2006 में उल्लेखित अपेक्षित शर्तें स्वीकार है। अपेक्षित शर्तों के अनुसार:-

(i) विद्यालय में क्षमता का 25 प्रतिशत नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले परिवार के बच्चों का निःशुल्क किया जायेगा तथा उनसे ट्यूशन शुल्क अथवा किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनुसूचित जाति जन जाति पिछड़ा वर्ग, अल्प संख्यक, विकलांग बालिकाएँ तथा सामान्य श्रेणी के परिवार जिनकी आय अधिकतम 60,000/- रुपया प्रति वर्ष होगी।

(ii) विद्यालय में नर्सरी/के0जी0अथवा प्राथमिक कक्षा में नामांकन के लिए किसी तरह की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चों एवं माता/पिता सहित) नहीं लिया जायेगा। अगर नामांकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुले तरीका से Draw of Lots के माध्यम से नामांकन के लिए बच्चों का चयन किया जायेगा।

(iii) नर्सरी/के0जी0 तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय से आवास की दूरी अधिकतम एक किलोमीटर एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक / कक्षा में नामांकन हेतु अधिकतम दूरी 3 किलोमीटर तक रहेगी।

(IV) जिन बच्चों का नामांकन नहीं होता है उनसे ली गई आवेदन राशि का 80 प्रतिशत राशि वापस लौटाने की व्यवस्था होगी।

8- यद्यपि कि विद्यालय का निरीक्षण विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा किया गया है फिर भी सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली अपने स्तर से जाँच कर यह सुनिश्चित हो लें कि विद्यालय उनके निर्धारित मापदण्ड के आधार पर संचालित है।

साथ ही बोर्ड को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित विद्यालय

--- 3

Manager
"Shanti-Smriti"
Sambhawana Awasiya Uchcha Vidyalaya
Subh Narayan Nagar, Ara (Bhojpur)

PRINCIPAL
"Shanti-Smriti"
SAMBHAWANA AWASIYA UCHCHA VIDYALAYA
[Affiliated to C.B.S.E., Delhi]
(Affiliation No.- 330247)
Shubh Narayan Nagar, Ara-Salempur Marg,
Majhawan, Ara (Bhojpur) 802301

के द्वारा अपनी सहमति के अनुसार अनिवार्य एवं अपेक्षित शर्तों का अनुपालन किया जा रहा है। स्कूल को यह शर्त सार्वजनिक करनी होगी तथा इसका उल्लेख को प्रोस्पेक्टस एवं वेबसाईट में करना होगा। शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा तथा सम्बद्धता रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी

10- विभागीय पत्रांक 46 दिनांक 18-1-2008 द्वारा शिक्षक/छात्रों को शारीरिक दण्ड नहीं दिए जाने संबंधी आदेशों का विद्यालयों द्वारा पालन करना होगा।

11- विद्यालय बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के नियंत्री पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण हेतु किसी भी समय खुला रहेगा।

12- उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तथा वर्णित शर्तों के आधार पर शान्ति स्मृति संभावना आवासीय उच्च विद्यालय, आरा को सी०बी०एस०ई०, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दी जाती है।

अनु०- जिला शिक्षा पदाधिकारी का का जाँच प्रतिवेदन।

विश्वासभाजन,

ह०/-

(कमलेश्वर प्रसाद सिंह)

निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)।

ज्ञापांक- 773 पटना, दिनांक- 4/7 जून, 08

प्रतिलिपि प्राचार्य, शान्ति स्मृति संभावना, आवासीय उच्च विद्यालय, आरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/7/08

(कमलेश्वर प्रसाद सिंह)

निदेशक (माध्यमिक शिक्षा), बिहार।

3/7

Manager
"Shanti-Smriti"
Sambhawana Awasiya Uchcha Vidyalaya
Subh Narayan Nagar, Ara (Bhojpur)

PRINCIPAL
"Shanti-Smriti"
SAMBHAWANA AWASIYA UCHCHA VIDY...
[Affiliated to C.B.S.E., De...
(Affiliation No.- 330247)
Shubh Narayan Nagar, Ara-Salempur ...
Majhawan, Ara (Bhojpur) 802301